
# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# क्वारंटाइन सेंटर में लोगों को उपलब्ध कराया जाए अखबार

## संकट की इस घड़ी में लोगों का सहयोग सराहनीयः नेता प्रतिपक्ष

**चुनौती**

**संवाददाता**

हल्द्वानी। उत्तराखंड वासियों के लिए अच्छी खबर है कि विगत चार दिनों से कोरोना संक्रमण का कोई नया मामला सामने नहीं आया है। वहीं क्वारंटाइन किए गए अधिकांश लोगों ने 14 दिन की अवधि पूरी कर ली है। संकट की इस घड़ी में लोगों का सहयोग सराहनीय है। ऐसे में नेता प्रतिपक्ष डा. इंदिरा हृदयेश ने मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत व मुख्य सचिव से फोन पर सोमवार को बात की। उन्होंने कहा कि क्वारंटाइन किए गए जिन लोगों के 14 दिन पूरे हो गए हैं, उन्हें सभी औपचारिकताएं पूरी करवा कर घर भेजा जाए। इसके साथ ही नेता प्रतिपक्ष ने सीएम से क्वारंटाइन किए गए लोगों को अखबार और टीवी की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि लोगों को देश दुनिया खबरों को जानने का हक है। जिस पर सीएम ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।



**आग्रहः** नेता प्रतिपक्ष ने सीएम से आग्रह किया कि फसलों की कटाई का समय गुजरता जा रहा है और लॉकडाउन के कारण यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस दिशा में जल्दी से जल्दी दिशा निर्देश देने चाहिए।

बता दें कि 14 अप्रैल को लॉकडाउन के 21 दिन पूरे हो रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने सोमवार को सीएम व मुख्य सचिव से फोन पर बात की। उन्होंने सीएम से कहा कि सबके सहयोग से प्रदेश में कोरोना का संक्रमण नियंत्रित है। बहुत सारे लोगों ने क्वरंटाइन की अवधि पूरी कर ली है। उनको औपचारिकताएं पूरी कर मुक्त किया जाए। इसके साथ ही जो लोग क्वरंटाइन सेंटर में रह रहेहैं उन्हें अखबार और टीवी उपलब्ध कराया जाए। ताकि वे देश दुनिया की खबरों से अवगत हो सकें। इस पर सीएम ने उन्हें भरोसा दिया कि आदेश जारी कर दिया गया है। नेता प्रतिपक्ष ने सीएम से आग्रह किया कि फसलों की कटाई का समय गुजरता जा रहा है और लॉकडाउन के कारण यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस दिशा में जल्दी से जल्दी दिशा निर्देश देने चाहिए। ताकि किसानों की खड़ी फसल घरों तक पहुंच सके। नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि यह दुनिया के लिए कठिन दौर है और इसे आपसी समन्वय व सहयोग से ही जीता जा सकता है। उत्तराखंड में सब लोग एक दूसरे व सरकार का सहयोग कर रहे हैं, यही वजह है कि पिछले चार दिन से कोरोना को कोई भी नया मामला प्रदेश में सामने नहीं आया है।

वहीं कोरोना संक्रमण को देखते हुए प्रशासन ने जिले के छह निजी अस्पतालों को अधिग्रहित किया है। शनिवार से निजी अस्पतालों को संचालित कर दिया गया। डीएम सविन बंसल ने सभी अस्पतालों को नियमित खोलने और राजकीय चिकित्सालय से रेफर होने वाले मरीजों को प्राथमिकता से देखने के निर्देश दिए हैं। स्टाफ से लेकर अन्य व्यवस्थाएं में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने को कहा है। डीएम बंसल ने कहा कि बीमार लोगों के उपचार में अगर किसी तरह की लापरवाही होती है तो आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक से अस्पतालों में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। औषधि निरीक्षक को निर्देशित किया है कि निजी अस्पतालों के मेडिकल स्टोरों की जांच कर जरूरी दवाइयां की उपलब्धता का पता किया जाए।

## न्यूज डायरी

### हांगकांग निवासी गौड़ ने पीएम केयर फंड में किया रूपये 100000 का योगदान

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री केयर फंड एवं मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए किए जा रहे संग्रह अभियान में आज सेवला कलां धर्मपुर विधानसभा के बूथ अध्यक्ष अनिल मिश्रा द्वारा सेवला कला के हांगकांग निवासी तेजेश्वर प्रसाद गौड से संपर्क किया गया उनके आग्रह पर गौड़ ने प्रधानमंत्री केयर फंड में रुपये 100000 का योगदान दिया। इसी प्रकार कोष संग्रह महानगर सह प्रभारी रतन सिंह चौहान ने गढ़वाल भ्रातृमंडल क्लेमेंट टाउन से संपर्क कर प्रधानमंत्री केयर फंड में रूपये 111000 का योगदान सुनिश्चित किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महानगर मीडिया प्रभारी राजीव उनियाल ने बताया कि महानगर भाजपा कार्यकर्ताओं के योगदान एवं प्रयास से अभी तक 22 लाख 93 हजार 107 रुपए प्रधानमंत्री के केयर फंड एवं मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु एकत्रित किया जा चुका है।

### एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**संवाददाता** देहरादून। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण से बचाव के लिए हो रही रक्त की कमी को देखते हुए कार्यकर्ताओं ने दून चिकित्सालय में रक्तदान किया। इस अवसर पर 18 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डा. कौशल कुमार ने कहा कि परिषद पूरे प्रदेश में प्रत्येक नगर, इकाई में रक्तदान कर रही है और आगे भी किसी भी सहायता के लिए पूरी तरह से तत्पर व तेयार है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूरे प्रदेश में सेवा कार्यों को कर रहा है और प्रशासन की हर संभव मदद क`लिए खड़ा है।

### पूर्व विधायक राजकुमार ने गिनाई नगर आयुक्त को समस्यायें

**संवाददाता** देहरादून। अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार ने नगर निगम से संबंधित अनेक समस्याओं के समाधान के लिए नगर आयुक्त विनय शंकर पांडेय से मुलाकात करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा और कहा कि पूरा देश कोरोना वायरस कोविड 19 की महामारी के प्रकोप से पीड़ित है और ऐसी स्थिति में नगरीय क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सफाई व्यवस्था व सैनिटाइजर के छिड़काव की ओर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा है कि दून नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाये जाने की आवश्यकता है।




**सील**

भगत सिंह कॉलोनी को कोरोना के बढ़ते मामले की वहज से सील कर दिया गया है। सील भगतसिंह कॉलानी में तैनात सुरक्षाबल पूरी तरह से अलर्ट होकर अपनी डयूटी देते हुए।

# लॉकडाउन में जरूरतमंदों की सेवा में जुटे रहें आप कार्यकर्ता

**संवाददाता**

देहरादून। देशव्यापी कोरोना संकट और लॉकडाउन की स्थिति के मद्देनजर आम आदमी पार्टी के उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी व दिल्ली की संगम विहार विधानसभा के विधायक दिनेश मोहनिया ने प्रदेश के सभी जिलों के 'आप' कार्यकर्ताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संवाद स्थापित कर राज्य के विभिन्न जिलों में चल रही गतिविधियों की जानकारी ली और देशव्यापी संकट की इस घड़ी में प्राथमिकताओं के आधार पर कार्य करने का आह्वान किया।

जारी बयान में मोहनिया ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी की अरविंद केजरीवाल सरकार द्वारा

**■राजनीति से ऊपर उठकर मानवता के लिए कार्य करने की जरूरत**

कोरोना संकट से निपटने के लिए किए जा रहे बेहतरीन कार्य प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि उत्तराखण्ड में भी इस समय राजनीति से ऊपर उठकर मानवता के लिए कार्य करने की जरूरत है। आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को यथाशक्ति जरुरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय विपदा के वक्त सभी ष्आपष् कार्यकर्ताओं को राजनीति से ऊपर उठकर जरूरतमंदों की मदद व सामाजिक सेवा कार्यों में एकजुट होकर जुटे रहना है। ज्ञात हो कि आम आदमी पार्टी लगातार प्रदेश के अलग अलग जिलों में कार्यकर्ताओं द्वारा बनाये गये लॉकडाउन राहत फण्ड व आम आदमी की रसोई के माध्यम से जरूरतमंदों तक सूखा राशन व पका भोजन पहुँचा रही है। साथ ही प्रदेश के ब्लड बैंकों ब्लड की कमी को देखते हुए भी आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने देहरादून में रक्तदान भी किया है।

इस विडियो कॉन्फ्रेंस का संचालन आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नवीन पिरशाली ने किया और प्रदेश के अलग अलग जिलों से लगभग 100 से अधिक कार्यकर्ताओं ने इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सहभागिता की।

### सोनिया रसोई के माध्यम से कर रहे जरूरतमंदों की सेवा

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना महामारी के चलते कोई भूखा न रहे नारे के साथ सोनिया रसोई लगातार जरूरतमंद लोगों तक भोजन पहुंचाने में जुटी हुई और प्रतिदिन सोनिया रसोई के माध्यम से हर रोज पांच सौ से छह सौ लोगो तक पहुंचाया जा रहा है।

खाना टीम सोनिया रसोई के सदस्य व कांग्रेस जिला महामंत्री नीरज नेगी ने बताया कि लगातार सोनिया रसोई के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को भोजन पहुंचाया जा रहा है और प्रतिदिन सैकडों जरूरतमंदों, असहायों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वार्ड नम्बर 17 चुक्खुवाला मे कांग्रेस कार्यकारी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी, प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के दिशा निर्देश मे कोरोना महामारी के चलते परेशान लोगो तक हर रोज पार्षद अर्जुन सोनकर के नेतृत्व मे भोजन पहुंचा जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि वही जरूरतमंद लोगो को राशन भी प्रदान करा रहे है।

वही उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की है कि जल्द ही भारत इस महामारी पर विजय पाये। उन्होने क्षेत्र एवं शहर के नागरिकों से आग्रह किया है की लॉक डाऊन के नियमो का पालन करे।